### एक नजर में

### युवा संगम 9 को स्टेडियम परिसर में

**राजगढ़ 04 जुलाई, का.** जिले में युवा संगम (रोजगार मेला, अपरेंटिस मेला एवं स्वरोजगार मेले) का आयोजन स्टेडियम परिसर (पीजी कालेज के पास) में 09 जुलाई को प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक किया जा रहा है. इच्छुक आवेदक जिनकी न्यूनतम योग्यता 10वीं से स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण एवं 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच है. युवा संगम में सम्मिलित हो सकते हैं. रोजगार के इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि इस युवा संगम में उपस्थित होने से पूर्व रोजगार कार्यालय की वेबसाइट पर पंजीयन अवश्य करें.

### सरल संयोजन पोर्टल से होगा कनेक्शन चेंज

**राजगढ़ 04 जुलाई, का.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि ऐसे उपभोक्ता जो अपने आवासीय परिसर में रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस, पेइंग गेस्ट, प्रायवेट हॉस्टल या अन्य व्यवसायिक गतिविधियों जैसे कोचिंग क्लासेस, ब्यूटी पार्लर आदि चलाते हैं, उन्हें कंपनी ने सलाह दी है कि वे मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर अपने प्रयोजन को घरेलू से गैर घरेलू (व्यवसायिक) श्रेणी में परिवर्तित करवा लें. कंपनी ने उपभोक्ताओं से यह भी अपील की है कि उपभोक्ता ने जिस प्रयोजन के लिए विद्युत कनेक्शन लिया है, उसी के अनुसार विद्युत का उपभोग करें. उदाहरण के लिए यदि किसी उपभोक्ता ने घरेलू लाइट और फैन का कनेक्शन लिया है तो वे केवल उस परिसर को निवास के रूप में उपयोग करें. कंपनी ने बताया कि सघन चैकिंग अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की व्यवसायिक गतिविधि आवासीय परिसर में संचालित की जा रही है तो ऐसी गतिविधियों को गैर घरेलू प्रयोजन में माना जाएगा और संबंधित दोषी उपभोक्ता से जुर्माना वसूल किया जाएगा.

### पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन 31 तक

**राजगढ़ 04 जुलाई, का.** गणतंत्र दिवस, 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन, की अंतिम तारीख 31 जुलाई निर्धारित है. पद्म पुरस्कासरों के लिए नामांकन, सिफारिशें राष्ट्रीय पुरस्का र पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्तु की जाएंगी. पद्म पुरस्कार अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च- नागरिक सम्मालनों में शामिल हैं. वर्ष 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है. इन पुरस्कानरों के अंतर्गत 'उत्कृष्ट कार्य' के लिए सम्मानित किया जाता है. पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्टय और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं. जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं. चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को छोड़कर अन्य सरकारी सेवक, जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी सेवक भी शामिल है, पद्म पुरस्कारों के पात्र नहीं हैं.


### कुक एवं चौकीदार की आवश्यकता हैं

स्कूल हॉस्टल में काम करने के लिए एक कुक एवं चौकीदार की आवश्यकता है. वेतन 8000 से 12000 तक योग्यता 10वीं पास संपर्क करें के के मेमोरियल पब्लिक स्कूल मां जालपा मंदिर रोड, के पास राजगढ़

**मोबाइल 9827869751**

**बिल 02 जुलाई 2025**


# जिले के 1872 विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप राशि

## प्रतिभाशाली छात्रों के खाते में पहुंची 25-25 हजार की राशि






**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 04 जुलाई, का. प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत शुक्रवार को हुए भव्य समारोह में जिले के 1872 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25-25 हजार की राशि उनके खाते में पहुंच गई.**

कक्षा 12 वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभाशाली छात्रों को विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनांतर्गत मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव द्वारा जिले के 1872 विद्यार्थियों के बैंक खातों में लेपटॉप के लिए 25-25 हजार रूपये की राशि अंतरित की गई.

प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

राजगढ़ में विधायक अमरसिंह यादव के मुख्य अतिथ्य में स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गये.

इस दौरान जिपं अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं महीप किशोर तेजस्वी, प्रकाश मंडलोई सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे.

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के मुख्य अतिथ्य में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का भी वर्चुअल प्रसारण किया गया. इस दौरान दौरान जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला, दीपेन्द्र सिंह चौहान, मनोज सिंह हाड़ा, मनीष जोशी, जावेद खान, श्याम मंडलोई, देवीसिंह सौंधिया, शुभम शर्मा, के.पी. पंवार सहित बड़ी संख्यां में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

जिन विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गये उनमें नंदकिशोर तंवर, राहुल भील, गोविंदा तंवर, अम्बसर सौनी, नन्दनी, नीलम वर्मा, राकेश वर्मा, अभिषेक तोमर, गोविंद गुर्जर, ऋषिका मेवाडे, मीना शर्मा, किरन चौहान, अंजली गौर, उर्मिला विश्वकर्मा, सुनिल तंवर, किरन तंवर, आमना मंसूरी, कोमल मेवाडे, किन्ता तंवर, जूली भिलाला, मनीषा लववंशी, जय विजयवर्गीय, कनिष्का विजयवर्गीय, एश्वर्या गुप्ता शामिल है.

### ब्यावरा में 450 को मिली राशि

ब्यावरा विकासखण्ड के तहत 450 छात्र-छात्राओं को लैपटॉप की राशि प्रदान की गई. ब्लॉक स्तरीय आयोजन पीएम शा.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यावरा में आयोजित किया गया. जनपद अध्यक्ष जगदीश गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ. मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने अध्यक्षता की. इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिलीप शर्मा, बीआरसी श्री दुबे उपस्थित रहे. ब्लॉक के विभिन्न शालाओं के 300 से अधिक लैपटॉप हेतु पात्र छात्र एवं छात्राये इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे. आभार संस्था प्रभारी प्राचार्य एसपी विश्वकर्मा माना. संचालन लोकेश नामदेव द्वारा किया गया.

### 269 छात्रों के अकाउंट में आई लैपटॉप की राशि

**सारंगपुर 04 जुलाई, सं.** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले सारंगपुर ब्लाक के 269 विद्यार्थियों को आज लैपटॉप की प्रोत्साहन राशि मिली. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



भोपाल से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक क्लिक के माध्यम से यह राशि विद्यार्थियों के अकाउंट में ट्रांसफर की. सारंगपुर उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम उत्कृष्ट स्कूल में मध्य प्रदेश शासन के मंत्री प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्हौर, भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, महामंत्री कमल राठौर की उपस्थिति में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रतीक स्वरूप राशि के चेक प्रदान किए. कार्यक्रम के दौरान एसडीएम रोहित बम्होरे ने कहा कि आधुनिक युग में आगे बढने के लिए लैपटॉप एक महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है.



### 10 वर्ष पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को नियमित करने की मांग

**सारंगपुर 04 जुलाई, सं.** नगर पालिका उपाध्यक्ष द्वारा निकाय कर्मचारियों को शासन निर्देशनुसार नियमितिकरण करने एवं पदोन्नति लाभ दिये जाने की मांग की है. शुक्रवार को उपाध्यक्ष श्रीमती भावना निलेश वर्मा के द्वारा सीएमओ को नपा में कार्यरत कर्मचारियों को नियमानुसार पदोन्नति का लाभ दिये जाने व जिन दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को निकाय में कार्य करते हुए 10 वर्ष हो चुके हैं उनको विनियमितिकरण किये जाने की कार्यवाही करने एवं स्थायी कर्मियों को रिक्त पद पर पदस्थ करने व स्थायी कर्मियों को पदोन्नति का लाभ प्रदान करने के संबंध में पत्र सौंपा. ताकि कर्मचारियों को उनके कार्यकाल और योगदान के अनुसार उचित लाभ मिल सके. नियमितिकरण और पदोन्नति से कर्मचारियों को स्थिरता और करियर में विकास की संभावना मिलती है, साथ ही यह उनकी कार्यप्रेरणा को भी बढ़ाता है.

# रोड पर फिसलन से परेशानी



**नवभारत न्यूज**

**पडाना 04 जुलाई, सं.** नगर के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल पड़ाना जाने वाले सड़क मार्ग में नगर सहित मऊ मगराना आशारेटा करौंदी रामपुरियाखेड़ा, साधनखेड़ी, अखियांखेड़ी, इटावा निशाना इत्यादि ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई करने पड़ाना के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में आती है. 400 से अधिक छात्र-छात्राओं को पूरे सत्र बायपास ब्रिज से लेकर मगराना चौराहा तक 600 मीटर दायरे में उबड़ खाबड़ फिसलन नुमा सड़क से होकर प्रतिदिन आना जाना होता है.उक्त मार्ग से दर्जनों की संख्या में यात्री बस स्कूल बस दो पहिया वाहन आवास कॉलोनी के 200 परिवार के लोग सहित नगर के 20 वार्ड के लोगों का इसी मार्ग से आना जाना लगा रहता है. उक्त मार्ग का कायाकल्प गोटेड कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है लेकिन कंपनी ठेकेदार द्वारा उक्त सड़क मार्ग पर कोई मरम्मत नहीं की गई एवं ना ही बाईपास ब्रिज के यहां फैली फिसलन मिट्टी पर अभी तक चूरी अथवा मुरम नहीं डाला गया जिसमें प्रतिदिन कोई ना कोई वाहन फस रहा है जो परेशानी का कारण बन रहे हैं.

छात्र-छात्राओं सहित आम नागरिक को आवागमन में कोई परेशानी ना हो में ठेकेदार को बोलकर मिश्रण डलवाता हूं.

**दीपक कुमार, जिला कार्यपालन अधिकारी राजगढ़**

### मोहर्रम पर अखाड़ा निकाला

**पीलूखेड़ी 04 जुलाई, सं.** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मोहर्रम पर चल समारोह निकाला गया. अखाड़े में कर्तव्य दिखाए. चल समारोह बस स्टैंड से बस स्टैंड पर आकर समापन हुआ. अखाडे में पुलिस प्रशासन, नायब तहसीलदार,हल्का पटवारी सहित लोग उपस्थित रहे.

# सेवानिवृत्त व स्थानांतरित अधिकारी, कर्मचारियों को विदाई



**जीरापुर 04 जुलाई, सं.** जल संसाधन विभाग अंतर्गत मोहनपुरा- कुण्डालिया परियोजना प्रबंधन इकाई राजगढ़ केम्प कार्यालय में पदस्थ सहायक प्रबंधक विजय गादिया, उपयंत्री के.एल.शाक्य, प्रिंस सहिते का अन्यंत्र स्थानांतरण हो जाने एवं उपयंत्री एस.के.पाराशर अपनी अधिवार्षिकी आयु 30 जून 2025 को पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने के फलस्वरूप कार्यालयीन स्टॉफ द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया. विदाई समारोह में विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा सेवानिवृत्त उपयंत्री एसके पाराशर एवं उपयंत्री शाक्य को शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर पुष्पहार से स्वागत किया गया. इस दौरान सहायक प्रबंधक सुशील परमार, निर्मल पाटीदार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने अपने विचार व्यक्त कर उपयंत्रियों की कार्यशैली की सराहना की. परियोजना प्रबंधक ए.के.दीक्षित ,सहायक प्रबंधक सुमित सिंह, अर्पित, विकास जैन ने आभार व्यक्त किया गया.

# टंकी ओवरफ्लो होने से स्कूल और अस्पताल परिसर में भराया पानी

**नवभारत न्यूज**

**पडाना 04 जुलाई, सं. नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में कुंडलिया डैम परियोजना अंतर्गत एलएनटी कंपनी द्वारा 4 लाख 90 हजार पानी की क्षमता वाली टंकी का निर्माण किया गया जिससे नगर के 20 वार्ड मैं शुद्ध जल मुहैया कराने के लिए पानी छोड़ा जा रहा है.**

जो नगर के कुछ वार्डों में काम तो कुछ वार्डों में ज्यादा दिया जा रहा है शुक्रवार पानी की टंकी भराने से 4 से 5 इंच पानी भर गया जिस स्कूल परिसर का पूरा मैदान लबालब दिखाई दे रहा है.

ऐसे में स्कूल में आने जाने वाले विद्यार्थियों व टीचरों को काफी परेशानियों का सामना उठाना पड़ेगा हालांकि इस मामले में गत दिवस हायर सेकेंडरी स्कूल संस्था प्रभारी ने एलएनटी कंपनी को बार-बार हो रही और फलों की समस्या एवं स्कूल परिसर में जल भराव के मामले में अवगत भी कर दिया गया लेकिन अभी तक पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई.





# तीन देव स्थानों पर सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन

## राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव ने किया भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 04 जुलाई, का. राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के तहत तीन देवस्थानों पर बनन वाले सामुदायिक भवनों का विधायक अमर सिंह यादव द्वारा शुक्रवार को भूमिपूजन किया गया.**

विधायक श्री यादव द्वारा खुजनेर स्थित श्री खाटू श्यामजी मंदिर परिसर में 25 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया. इस मौके पर पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष केदार काका, नगर परिषद के पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

इसी प्रकार राजगढ़ में खुजनेर रोड पर गुर्जर समाज के आराध्य देव भगवान श्री देवनारायण मंदिर परिसर में 25 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया. इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, प्रताप मण्डलोई, श्याम गुर्जर, कैलाश तंवर मण्डल अध्यक्ष, सूरज गुर्जर मण्डल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, सामाजिक बंधु उपस्थित रहे.

जबकि राजगढ़ में दंड जोड़ पर स्थित तंवर समाज के आराध्य देव भगवान श्री रामदेवजी मंदिर परिसर में भी 25 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया. इस दौरान पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह चौहान, जनप्रतिनिधि, सामाजिक बंधु उपस्थित रहे. सामुदायिक भवनों के बनने से मंदिर धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा हो सकेगी.


**In The Court Of I Additional District Judge, District Court, Rajgarh**
**Presiding Office**
डॉ. लखन लाल गोस्वामी

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS HM/0000002/2022)
मधुकांता सुतार ...... वादी
VS नाथूलाल सुतार ........ प्रतिवादी
Process id-/2025
पेशी दिनांक - 30/07/2025

**प्रेषिती - 1.संतोष बाई पति चंदरसिंह पता- ग्राम भदौनी तहसील सारंगपुर जिला राजगढ़ म.प्र.**
**2. सीताबाई पति छगनलाल सुतार निवासी ग्राम खेडावत तहसील सारंगपुर जिला राजगढ़ म.प्र.**

यह कि प्रार्थी मधुकांता सुतार ने आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर प्रकरण का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस प्रकरण में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का प्रकरण आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के प्रकरण के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें.

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो प्रकरण में एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें.

यह आज तारीख 01 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है.

**न्यायाधीश**
**डॉ. लखनलाल गोस्वामी**
**प्रथम जिला न्यायाधीश राजगढ़**
**जिला राजगढ़ (ब्यावरा)म.प्र.**

**नोट**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.


**बचाव** खुरपका, मुंहपका रोग की रोकथाम हेतु लगाए जा रहे टीके

# मवेशियों में रोग निवारण हेतु लगाए जा रहे टीके

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 04 जुलाई, का. खुरपका एवं मुंहपका रोग निवारण हेतु पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जिले में मवेशियों को टीके लगाएं जा रहे है ताकि इस रोग से बचाव हो सके.**

जानकारी के अनुसार 1 जुलाई से शुरु होकर यह टीकाकरण अभियान 31 अगस्त तक चलेगा. जो कि पूर्णत: नि:शुल्क होगा. विशेषकर गौवंश एवं भैंस को टीके लगाए जाएंगे. पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी शुभम सक्सेना के अनुसार नगर में गौशालाओं, बेसहारा गौवंश, भैंस को यह टीका लगाया जाना है ताकि खुर एवं मुंख पकने वाले रोग से बचाव हो सके.



### टीकाकारण को लेकर भ्रांतियां

विभाग के अनुसार कुछ पशु पालकों में इस तरह की भ्रांति है कि वैक्सीन लगने से मवेशी दूध कम देना शुरु कर देगा. वह बीमार हो जाता है. खाना-पीना छोड़ देता है, जबकि वैक्सीन से ऐसा कुछ नहीं होता है.

### क्या बेसहारा गौवंश को लग पाएंगे टीके

पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जहां गौशालाओं में टीम पहुंचकर टीके लगा रही है. प्रत्येक गांव में टीम पहुंचेगी. किंतु सबसे बड़ी समस्या यह है कि नगर सहित जिले भर में हाईवे, सड़क, चौराहों, गली-मोहल्लों में खुले आसमान के नीचे रहने वाले बेसहारा मवेशियों को कैसे टीक लग पाएंगे. हालांकि विभाग का कहना है कि उनको भी टीक लगाकर पहचान चिन्हित की जाएगी ताकि यह ज्ञात हो सके कि किन मवेशी को टीके लग चुके है.

### संक्रमित रोग से खतरा

गौवंश एवं भैंस में मुहंपका एवं खुरपका रोग मुख्य तौर पर बारिश के दिनों में होता है. जिसमें खुर, मुहं पकने के साथ ही मवेशी खाना-पीना छोड़ देता है. वह काफी कमजोर हो जाता है. यह संक्रमित रोग है जो एक मवेशी से दूसरे मवेशी तक पहुंच जाता है. यही नहीं उचित उपचार, देखरेख के अभाव में बीमार मवेशी की मौत तक हो जाती है.


**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**

OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

B.ed आवेदन प्रक्रिया 2025-26

तृतीय चरण कॉलेज कोड - 384

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 25/06/25 से 30/06/25 तक

दस्तावेज का ऑनलाईन सत्यापन 26/06/25 से 01/07/25

सीट आवंटन 05/07/25
हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन हेतु उपस्थित होकर लिंक इनिशिएट कराना 09/06/24 से 13/06/24 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना दिनांक 05/07/25 से 11/07/25

नोट प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कालेज कोड 384 का चयन करे.

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

Ad. NH-46 Bhopal By Pass Road Biaora, Rajgarh

26 जून से -26 जुलाई 2025